थाना बिनावर पुलिस द्वारा 02 वांछित अभि0गण को मय एक अदद छुरा लोहा व एक गड़ासा लोहा व अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया गया

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ श्री डा0 ओ0 पी0 सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराध / अपराधियों के विरुद्द गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत आज दिनाँक 24-11-2022 को थाना बिनावर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान थाना बिनावर पर पंजीकृत मु0अ0स0 318/22 धारा 3/5/8 CS ACT बनाम अज्ञात का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आए 02 नफर अभियुक्तगण 1. मोहम्मद शाहिल पुत्र मोहम्मद रशीद निवासी ग्राम लाइ फरीदपुर थाना कुंवरगांव जनपद बदायूं 1. इमरान पुत्र जलालुद्दीन निवासी ग्राम लाइ फरीदपुर थाना कुवरगांव जनपद बदायूं हाल निवासी खेड़ा नवादा थाना सिविल लाइन बदायूं को ग्राम में मिधोनिया के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्त गणों ने मौके पर उक्त मुकदमे के संबंध में अपना जुर्म इकबाल किया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त शाहिल के पास से एक प्लास्टिक के थैले में एक अदद छुरा लोहा व एक बका/गड़ासा लोहा बरामद किया गया। तथा गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त इमरान की जामा तलाशी से एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो कारतूस जिंदा 315 बोर बरामद होने के संबंध में अभियुक्त इमरान के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 328/22 धारा 3/25(1)(B) A ACT पंजीकृत कर उपरोक्त अभि0गण को मा0 न्या0 के समक्ष पेश किया गया ।

सोशल मीडिया सैल

जनपद बदायूँ ।